INDIAN SCHOOL SOHAR
FORMATIVE ASSESSMENT 4 **Set-1**
HINDI

CLASS: VII **MAX MARKS: 25**
DATE: 29.01.14 **TIME: 45 Minutes**

सामान्य निर्देश ः

1 सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

2 प्रत्येक उत्तर का क्रमांक अवश्य लिखें ।

प्रश्न 1 नीचे लिखे अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । [5]

प्रसेनजित के राज्य में अंगुलिमाल नाम का एक भंयकर डाकू था। उसके अत्याचारों से सभी लोग परेशान थे। अपनी प्रजा के दुख से प्रसेनजित भी बहुत चिंतित रहता था। एक दिन भगवान बुद्ध प्रसेनजित के राज्य में आए और राजा से उसकी चिंता का कारण पूछने लगे। राजा ने अंगुलिमाल के अत्याचारों के बारे में बताया तो भगवान उसी जंगल की ओर चल दिए जिसमें वह रहता था। थोड़ी दूर जाने पर उन्होंने देखा उँगलियों की माला पहने एक आदमी सामने टीले पर खड़ा कह रहा है,"रुको।"भगवान बुद्ध रुक गए और जब वह डाकू उनके सामने आ गया तो उन्होंने उससे कहा,"मैं तो तुम्हारे कहने से रुक गया,पर तुम कब रुकोगे? क्या तुम इन उँगलियों को उनके हाथों में लगा सकते हो, जिनके हाथों से तुमने ये काटी हैं।"डाकू के पास भगवान बुद्ध के प्रश्नों का उत्तर नहीं था। वह उनके शांत मुख को देखता रहा और फिर उनके चरणों में गिर पड़ा। वह बोला,"भगवान मुझे रुकना सिखाइए।"बुद्ध बोले,"रुको मत ,चलो,पर सत्य के मार्ग पर,अहिंसा के मार्ग पर ।हिंसा के मार्ग पर नहीं। चलो,मेरे साथ -साथ चलो।"अंगुलिमाल भगवान बुद्ध का शिष्य बन गया और सदा के लिए उसका आंतक समाप्त हो गया।

i) अंगुलिमाल से लोग दुखी क्यों थे ?

ii) प्रसेनजित कौन था ?

iii) भगवान बुद्ध का शिष्य कौन और क्यों बना ?

iv) ' हिंसा'शब्द का विलोम लिखिए।

v) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्द के दो अनेकार्थक शब्द लिखिए । [1]

भुवन

प्रश्न 3 निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाओं के भेद लिखिए । [1]

(क) पिताजी सो रहे हैं।
(ख) अध्यापिका ने बच्चों को पाठ पढ़ाया।

प्रश्न 4 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए । [1]

सम्राट , कवि

प्रश्न 5 निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध करके लिखिए । [1]

लछमण , पड़ाई

प्रश्न 6 रेखांकित पदों के कारक के भेद लिखिए । [1]

(क) बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।

(ख) मीरा ने साबुन से कपड़े धोए ।

प्रश्न 7 निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण के भेद लिखिए । [1]

(क) मेरे पास बहुत खिलौने हैं।
(ख) उस लड़के को पुरस्कार मिला।

प्रश्न 8 निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । [2]

किवाड़ , निराला

प्रश्न 9 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए । [2]

सौंह , वन्य , सत्याग्रह , टेकु

प्रश्न 10 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए । [2]

(क) आज्ञा (ख) कर

प्रश्न 11 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(क) माँ कृष्ण को वन में न भेजने का क्या कारण बताती है? [2]
(ख) हमारे देश की गौरव गाथा की झलक हमें कहाँ मिलती है ? [2]
(ग) कमला जी ने नीरा का प्रयोग किस पर किया ? [2]
(घ) कृष्ण माँ का कहना क्यों नहीं मानते ? [2]

...............................समाप्त..